संख्या-34/2015/वे0आ0-2-546/दस-54(एम) 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

(1) प्रमुख सचिव,
समाज कल्याण विभाग,
उ0प्र0 शासन।

(2) प्रमुख सचिव,
अल्प संख्यक कल्याण विभाग,
उ0प्र0 शासन।

(3) प्रमुख सचिव,
पशुपालन विभाग,
उ0प्र0 शासन।

(4) प्रमुख सचिव,
कृषि शिक्षा अनुसंधान विभाग,
उ0प्र0 शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 18 जून, 2015

विषय: वेतन समिति (2008) के ग्यारहवें प्रतिवेदन के माध्यम से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ई0डी0पी0 संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर परीक्षण कर युक्तियुक्त संस्तुति देने हेतु प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

वेतन समिति (2008) के ग्यारहवें प्रतिवेदन के माध्यम से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ई0डी0पी0 संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर परीक्षण कर युक्तियुक्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संस्तुति देने हेतु प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर सम्यक् विचारोपरान्त ई0डी0पी0 संवर्ग के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं:--

(1) सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं में ई0डी0पी0 संवर्ग के ढाचे का पुनर्गठन निम्नवत् किया जाय:--

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान	भर्ती की विधि	शैक्षिक अर्हता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए	4000-6000 सादृश्य वेतन बैण्ड-1, रु0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 2400/-	सीधी भर्ती	1- मान्यता प्राप्त संस्थाविश्वविद्यालय से / कम्प्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा के साथ इण्टरमीडिएट या डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (नीलिट) से ओ स्तर के प्रमाण-पत्र के साथ इण्टरमीडिएट 2- डॉसविन्डोज /यूनिक्स/ के अन्तर्गत कार्यरत वातावरण में एम0एस0 आफिसस्मार्ट सूट /लोटस / आदि जैसे भिन्नभिन्न - साफ्टवेयरों पर अग्रेजी एवं हिन्दी में डाटा एन्ट्री का अच्छा ज्ञान। 3- नोबल तथा विन्डो एन0टी0 जैसे नेटवर्किंग वातावरण का एक्सपोजर। 4- हिन्दी तथा अग्रेजी में कम से कम क्रमशः 25 शब्द तथा 40 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति।
2	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-	4500-7000 सादृश्य	पदोन्नति द्वारा।	--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	बी	वेतन बैण्ड-1, रु0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 2800/-		
3	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-सी	5000-8000 सादृश्य वेतन बैण्ड-2, रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4200/-	पदोन्नति द्वारा।	--
4	प्रोग्रामर ग्रेड-2	6500-10500 सादृश्य वेतन बैण्ड-2, रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4600/-	50 प्रतिशत सीधी भर्ती 50 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा। जहॉ प्रोग्रामर ग्रेड-2 का एकल पद हैं वहॉ इस पद को पदोन्नति द्वारा भरा जाये। पदोन्नति हेतु योग्य अभ्यर्थी	1- पदोन्नति के मामले में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-सी के पद पर कम से कम 05 वर्ष की नियमित सेवा। 2- सीधी भर्ती के मामले में निम्न अर्हता रखी जाय-: (1) मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि या डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (नीलिट) से ओ स्तर के प्रमाण-पत्र (एडवांस डिप्लोमा) के साथ स्नातक उपाधि। (2) डॉसविन्डोज /यूनिक्स / के में कार्यरत वातावरण के अन्तर्गत सी/ सी0 फाक्स प्रो0 आर0डी0 एम0एस0 जैसे ओरेकलसाई /इनगेश /

http://shasanadesh.up.nic.in

			उपलब्ध न होने अथवा पोषक पद उपलब्ध न होने की स्थिति में इस पद को सीधी भर्ती से ही भरा जायेगा।	बेस डी0बी0/2 आदि साफ्टवेयर डेवलपमेंट में अच्छा ज्ञान। (3) नोबल तथा विन्डो एन0टी0 जैसे नेटवर्किंग वातावरण का एक्सपोजर। (4) आफिस आटोमेशन पैकेजेज एवं इण्टरनेट का पूर्ण ज्ञान।
5	प्रोग्रामर ग्रेड-1	8000-13500 सादृश्य वेतन बैण्ड-3, रु0 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन रु05400/-	50 प्रतिशत सीधी भर्ती 50 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा। जहा प्रोग्रामर ग्रेड-1 का एकल पद हैं वहा इस पद को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाये। इसके अतिरिक्त जहा पोषक पद उपलब्ध नहीं है वहा शत -	1- पदोन्नति के मामले में प्रोग्रामर ग्रेड-2 के पद पर कम से कम 05 वर्ष की नियमित सेवा एवं कार्य उत्तम स्तर का हो। 2- सीधी भर्ती के मामले में निम्न अर्हता रखी जाय-: (1) मान्यता प्राप्त संस्था /विश्वविद्यालय से बी0ई/बी0टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) या मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से एम0एस0सी0/एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान या स्नातक एवं डी0ओ0ए0सी0सी0 (नीलिट) से बी स्तर का प्रमाण पत्र (एम0सी0ए0 के समतुल्य) (2) डॉस /यूनिक्स / विन्डोज के अन्तर्गत क्रियाशील वातावरण में ओरेकल/ इनगेश/साई बेस,/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

			प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा भरा जाये।	डी0बी0/2 आदि जैसे सी0/सी0 फाक्स प्रो0 आर0डी0 एम0एस0 में साफ्टवेयर डेवलपमेंट का पूर्ण ज्ञान। (3) नोबल तथा विन्डो एन0टी0 जैसे नेटवर्किंग वातावरण का एक्सपोजर। (4) आफिस आटोमेशन पैकेजेज एवं इण्टरनेट का पूर्ण ज्ञान।
6	सिस्टम एनालिस्ट	10000-15200 सादृश्य वेतन बैण्ड-3, रु0 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन रु0 6600/-	शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा।	प्रोग्रामर ग्रेड-1 के पद पर 05 वर्ष की नियमित सेवा वाले पदधारकों से पदोन्नति द्वारा।

(2) उपर्युक्तानुसार पुनर्गठित ढाचें में सहायता प्राप्त शिक्षण/ प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं में ई0डी0पी0 संवर्ग के वर्तमान पदधारकों का समायोजन निम्नानुसार किया जाय:--

(i) ई0डी0पी0 संवर्ग के ऐसे पदधारक जो पूर्व वेतनमान रु0 4000-6000 से निम्न वेतनमान अर्थात वेतनमान रु0 3200-4900 अथवा वेतनमान रु0 3050-4590 में हैं, उन्हें कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के पदनाम के साथ वेतनमान रु0 4000-6000 के सादृश्य वेतन बैण्ड-1, रु0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 2400/- में दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से समायोजित माना जाय तथा भविष्य में नयी नियुक्तिया समिति द्वारा संस्तुत अर्हता के अभ्यर्थियों से भरा जाये।

(ii) ई0डी0पी0 संवर्ग के ऐसे पदधारक जो पूर्व वेतनमान रु0 4000-6000 अथवा 4500-7000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में हैं, उन्हें

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी के पदनाम के साथ वेतनमान रु0 4500-7000 के सादृश्य वेतन बैण्ड-1, रु0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 2800/- में दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से समायोजित माना जाये तथा भविष्य में इन पदों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के पदों से पदोन्नति द्वारा भरा जाये।

(iii) ई0डी0पी0 संवर्ग के ऐसे पदधारक जो पूर्व वेतनमान रु0 5000-8000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में हैं उन्हें कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-सी के पदनाम के साथ वेतनमान रु0 5000-8000 के सादृश्य वेतन बैण्ड-2, रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4200/- में दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से समायोजित माना जाय तथा भविष्य में इन पदों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी के पदों से पदोन्नति द्वारा भरा जाये।

(iv) ई0डी0पी0 संवर्ग के ऐसे पदधारक जो पूर्व वेतनमान रु0 5500-9000 अथवा 6500-10500 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में हैं उन्हें प्रोग्रामर ग्रेड-2 के पदनाम के साथ वेतनमान रु0 7450-11500 के सादृश्य वेतन बैण्ड-2, रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4600/- में दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से समायोजित माना जाय। भविष्य में 50 प्रतिशत पदों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-सी से पदोन्नति द्वारा तथा 50 प्रतिशत पदों को समिति द्वारा संस्तुत अर्हता के अभ्यर्थियों से सीधी भर्ती द्वारा भरा जाये। जहॉ प्रोग्रामर ग्रेड-2 के एकल पद हों, वहॉ इन पदों को पदोन्नति से ही भरा जायेगा। पदोन्नति हेतु योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध न होने अथवा पोषक पद उपलब्ध न होने की स्थिति में इस पद को सीधी भर्ती से ही भरा जाये।

(v) जिन संस्थाओं में ई0डी0पी0 संवर्ग में वेतनमान रु0 8500-14600 के पद वेतनमान रु0 8000-13500 के पद से पदोन्नति द्वारा भरे जाते हैं, वहॉ वेतनमान रु0 8500-14600 के पदों को वेतनमान रु0 10000-15200 के सादृश्य वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड वेतन रु0 6600/- दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से उच्चीकृत कर दिया जाए एवं इन पदों के पदधारकों का पदनाम सिस्टम एनालिस्ट रखा जाये। किन्तु जिन संस्थाओं में वेतनमान रु0 8550-14600 के पद वेतनमान रु0 8000-13500 के पदों हेतु पदोन्नति के पद नहीं है वहॉ उक्त दोनों वेतनमानों के पदों पर सादृश्य वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड वेतन रु0 5400/- अनुमन्य होगा और उक्त पदों का पदनाम प्रोग्रामर ग्रेड-1 रखा जाएगा। भविष्य में कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड-1 के 50 प्रतिशत पदों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-2 के पदों से पदोन्नति द्वारा तथा 50 प्रतिशत पदों को

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

समिति द्वारा संस्तुत अर्हता के अभ्यर्थियों से सीधी भर्ती द्वारा भरा जाये। जहॉ कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड-1 के एकल पद हैं, वहा इन पदों को सीधी भर्ती से ही भरा जाये।

(vi) ई0डी0पी0 संवर्ग के ऐसे पदधारक जो पूर्व वेतनमान रु0 10000-15200 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में हैं, उन्हें सिस्टम एनालिस्ट के पदनाम के साथ वेतनमान रु0 10000-15200 के सादृश्य वेतन बैण्ड-3, रु0 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन रु0 6600/- में दिनांक 26 सितम्बर, 2013 से समायोजित माना जाय। भविष्य में सिस्टम एनालिस्ट के पदों को कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड-1 के पदों से पदोन्नति द्वारा भरा जाये।

(vii)भविष्य में नियुक्तियॉ समिति द्वारा संस्तुत अर्हता, वेतन बैण्ड/ ग्रेड वेतन तथा भर्ती की विधि के अनुसार की जायेंगी। कम्प्यूटर आपरेटर संवर्ग में सीधी भर्ती केवल कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के पद पर ही की जायेगी।

(3) ऐसी सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाएं, जिनमें ई0डी0 पी0 संवर्ग के पद उपलब्ध हैं परन्तु जिनका उल्लेख सूचना प्राप्त न होने के कारण वेतन समिति (2008) के प्रतिवेदन में उल्लिखित नहीं हैं, उनके सम्बन्ध में भी समान कन्सिडरेशन के आधार पर उपर्युक्त निर्णय लागू होंगे।

(4) उपर्युक्तानुसार संस्तुतियों को लागू करने के फलस्वरूप यदि किसी पद के वेतनमान के निम्नीकृत होने की स्थिति आती है तो ऐसे पदों के पदधारक वर्तमान में अनुमन्य वेतनमान वैयक्तिक रूप से पाते रहेंगे। भविष्य में ऐसे पदों पर नियुक्त होने वाले पदधारकों को निम्नीकृत वेतनमान ही अनुमन्य होगा। इस संशोधन के साथ स्वीकार किया गया कि तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने से सम्बन्धित संस्तुतियो को दिनांक 26 सितम्बर, 2013 लागू किया जाये।

2- आपसे अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त लिये गये निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक आदेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय अग्रवाल

सचिव।

संख्या-34/2015-वे0आ0-2-546(1)/दस-54(एम) 2008टी0सी0,तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,

रमेश कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।